**(समय : ३ घंटे)** **(कुल अंक : १००)**

**कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं।**

**सुचना : (१) सभी प्रश्न अनिवार्य है |**

**(२) उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(२७)**

**(क)** "च्यन्ता तो हरि नांव की, और न चिंता दास |
जो कुछ चितवै राम बिन, सोह काल कौ पास ||"

**अथवा**

"चावल जरुरी है
जरुरी है आटा दाल नामक पुदीना
पर क्यों न ऐसा हो कि आज शाम
हम सीधे वही पहुँचे
एकदम वहीँ
जहाँ चावल
दाना बनने से पहले
सुगंध की पीड़ा से छटपटा रहा हो |"

**(ख)** "हमें कामना नहीं सुयश-विस्तार की,
फूलों के हारों की, जय-जयकार की।
तड़प रही घायल स्वदेश की शान है।
सीमा पर संकट में हिन्दुस्तान |"

**अथवा**

"फूलों के रंगीन लहर पर ओ उतरनेवाले!
ओ रेशमी नगर के वासी! ओ छवि के मतवाले!
सकल देश में हालाहल है, दिल्ली में हाला है,
दिल्ली में रौशनी, शेष भारत में अंधियाला है ।"

**(ग)** "अबकी बार लौटा तो
बृहत्तर लौटूंगा
चेहरे पर लगाए नोकदार मूँछें नहीं
कमर में बांधें लोहे की पूँछे नहीं
जगह दूंगा साथ चल रहे लोगों को
तरेर कर न देखूंगा उन्हें
भूखी शेर-आँखों से|"

**अथवा**

"ऐसा नहीं कि उस समय भी
दूसरे नहीं होते मेरे साथ
मेरी यादों में
या मेरी चिंताओं में
या मेरे सपनों में"



X0279Y643CC9X0279Y643CC9X0279Y643CC9X0279Y643CC9

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के दीर्घोत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए|** **(३६)**

**(च)** सूरदास की सगुण ब्रह्म की उपासना का वर्णन कीजिए|

**अथवा**

'सरकारी कोयल' कविता की मूल संवेदना लिखिए|

**(छ)** 'परशुराम की प्रतीक्षा' कविता के प्रथम खण्ड का कथानक लिखिए|

**अथवा**

'जनता जगी हुई है' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते है|

**(ज)** 'घर रहेंगे' कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए|

**अथवा**

'स्पष्टीकरण' कविता के माध्यम से कवि ने विश्व बंधुत्व की भावना को विकसित करने का प्रयास किया है|स्पष्ट कीजिए|

**प्रश्न ३. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए|** **(१२)**

**(प)** 'नदी और साबुन' कविता में निहित समस्याओं पर प्रकाश डालिए|

**अथवा**

'आज कसौटी पर गांधी की आग है' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते है?

**अथवा**

'क्या वह नहीं होगा' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए|

**प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी लिखिए|** **(१५)**

**(त)** तुलसी के राम|

**अथवा**

'घर' कविता में निहित भाव|

**(थ)** 'हिम्मत की रौशनी' कविता में प्रस्तुत सकारात्मक भाव|

**अथवा**

'समर शेष है' कविता के माध्यम से भारत की तत्कालीन स्तिथि|

**(द)** 'अबकी अगर लौटा तो' कविता का उद्देश्य|

**अथवा**

'अंतिम ऊँचाई' कविता का संदेश|

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए|** **(१०)**

१. 'पिय बियोग सम दुखु जग नाही|'पंक्ति का क्या अर्थ है?
२. बिहारी के अनुसार करोड़ों जतन करने के बाद क्या नहीं बदला है ?
३. 'आजकल लढाई का जमाना है' कविता के कवि कौन है?
४. घर के बच्चे कैसे बड़े हुए?
५. परशुराम की प्रतीक्षा'कविता के प्रथम खंड कौनसे युद्ध का वर्णन किया गया है?
६. युद्ध से लौटे सैनिक क्या चाहते है?
७. प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु भारत वासियों को क्या संदेश देते है?
८. घर रहेंगे कविता में कवि किसे अनर्गल कहता है?
९. क्या वह नहीं होगा कविता में हम किसके गुलाम है?
१०. कवि बाजार की वस्तुओं को देखकर किसकी तरह खुश होता है?

*************



X0279Y643CC9X0279Y643CC9X0279Y643CC9X0279Y643CC9